सत्यमेव जयते

# बिहार विधान सभा

की

# राजकीय आश्वासन समिति

का

# 342वाँ प्रतिवेदन

(ऊर्जा विभाग)

(दिनांक २५/07/२०२५ ई० को सदन में उपस्थापित)।

बिहार विधान सभा

की

राजकीय आश्वासन समिति प्रशाखा द्वारा प्रकाशित।

# विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| 1. प्राक्कथन | क |
| 2. राजकीय आश्वासन समिति के माननीय सदस्यों एवं समिति के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची । | ख |
| 3. आश्वासनों की सूची | ग |
| 4. प्रतिवेदन | 1-20 |
| 5. परिशिष्ट | 21-49 |

## प्राक्कथन

मैं, सभापति, राजकीय आश्वासन समिति की हैसियत से बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-211 के तहत ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न वर्षों के कुल 28 आश्वासनों के कार्यान्वयन से संबंधित राजकीय आश्वासन समिति का 342वाँ प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित करता हूँ ।

इस प्रतिवेदन में सन्निहित आश्वासनों को समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समीक्षोपरान्त कार्यान्वित माना गया तथा इस प्रतिवेदन को समिति की दिनांक 14 अगस्त, 2023 की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया ।

संसदीय लोकतंत्र में विधायकगण, विधान मंडल में जनता की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु जनप्रतिनिधि द्वारा जनहित के विषय पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसपर सरकार का आश्वासन होता है ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-284 के तहत गठित राजकीय आश्वासन समिति, सरकार द्वारा सदन में दिये गये ऐसे आश्वासनों, प्रतिज्ञाओं और वचनों आदि के कार्यान्वयन के प्रयोजनार्थ कार्य करती है तथा कार्यान्वित आश्वासनों से संबंधित प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित करती है ।

इन आश्वासनों के कार्यान्वयन में विभागीय पदाधिकारियों तथा सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है ।

इस प्रतिवेदन को तैयार करने में समिति के सभी माननीय सदस्यों, सभा सचिवालय के पदाधिकारियों/ कर्मचारियों एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के प्रति मैं अपना आभार प्रकट करता हूँ ।

दामोदर रावत,

सभापति,

राजकीय आश्वासन समिति,

बिहार विधान सभा ।

ख

## बिहार विधान सभा सचिवालय

--------

**बिहार विधान सभा के राजकीय आश्वासन समिति की वर्ष 2023–24 के माननीय सदस्यों की सूची–**

**सभापति**

| | |
|---|---|
| 1. श्री दामोदर रावत | स० वि० स० |

**सदस्यगण**

| | |
|---|---|
| 1. श्री केदार नाथ सिंह | स० वि० स० |
| 2. श्री संजय कुमार गुप्ता | स० वि० स० |
| 3. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' | स० वि० स० |
| 4. श्री जनक सिंह | स० वि० स० |
| 5. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह | स० वि० स० |
| 6. श्री सुदर्शन कुमार | स० वि० स० |
| 7. श्री उमाकांत सिंह | स० वि० स० |
| 8. श्री रामविशुन सिंह | स० वि० स० |

**सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची--**

| | |
|---|---|
| 1. श्री पवन कुमार पाण्डेय | प्रभारी सचिव |
| 2. श्री असीम कुमार | प्रभारी निदेशक |
| 3. श्रीमती पूनम सिन्हा | प्रभारी उप-सचिव |
| 4. सुश्री शिल्पा यादव | प्रशाखा पदाधिकारी |
| 5. श्री राजीव कुमार सिंह | सहायक |
| 6. श्री राजीव रंजन-III | सहायक |
| 7. श्री शक्ति कुमार प्रसाद | सहायक |
| 8. श्री मो० अली | सहायक |
| 9. श्री रवि शंक्रर | डाटा इंट्री ऑपरेटर |

दिनांक 28 सितम्बर, 2022 को राजकीय आश्वासन समिति की हुई बैठक में ऊर्जा विभाग से संबंधित कार्यान्वित आश्वासनों की सूची—

| क्रम सं० | आश्वासन सं० |
|---|---|
| 1 | 97/13 |
| 2 | 418/13 |
| 3 | 487/13 |
| 4 | 695/13 |
| 5 | 701/13 |
| 6 | 1265/13 |
| 7 | 1408/13 |
| 8 | 313/14 |
| 9 | 437/14 |
| 10 | 463/14 |
| 11 | 311/15 |
| 12 | 319/15 |
| 13 | 321/15 |
| 14 | 379/15 |
| 15 | 380/15 |
| 16 | 351/16 |
| 17 | 356/16 |
| 18 | 570/16 |
| 19 | 571/16 |
| 20 | 583/16 |
| 21 | 915/16 |
| 22 | 427/17 |
| 23 | 1053/17 |
| 24 | 1058/17 |
| 25 | 1127/17 |
| 26 | 151/18 |
| 27 | 177/18 |
| 28 | 95/20 |

# प्रतिवेदन

ऊर्जा विभाग

--------

**आश्वासन संख्या 97/13**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 320 (य-61), दिनांक 22 फरवरी, 2013 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री अम्बिका सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**--कैमूर जिलान्तर्गत नुआव प्रखंड में गौरा, कोटा, तपोवन गाँव का विद्युतीकरण करने के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव (मंत्री)**--वर्तमान राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना में सीमित योजना आकार के कारण सभी गाँवों/टोलों का विद्युतीकरण नहीं किया जा सका है । वैसे विद्युत् से वंचित जिसका जिक्र मैंने किया कि एडिशनल डी०पी०आर० हो रहा है, 12वीं पंचवर्षीय योजना में सबको शामिल किया गया है । इस महीने के अंत तक सभी डी०पी०आर० चले जायेंगे और आगे कार्रवाई होगी ।

(ज्ञाप संख्या 97-वि० स०, पटना, दिनांक 2 मार्च, 2013 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 97, दिनांक 02 मार्च, 2013 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-1 पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

**आश्वासन संख्या 418/13**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 1749 (य-205), दिनांक 8 मार्च, 2013 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री संतोष कुमार निराला, स०वि०स० ।

**विषय**--बक्सर जिलान्तर्गत ग्राम-नागपुर, तियारा बाजार, बघेलवाँ, उत्तरी घडारी पुरैनी आदि ग्रामों में विद्युतीकरण करने के संबंध में ।

## सरकारी आश्वासन

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव ( मंत्री )**--महोदय, एक माननीय सदस्य को हमने कहा कि वो सुन रहे थे माननीय सदस्य कि केन्द्र सरकार को भेजा गया है, आपका तो एडवांस स्टेज में है । बाकी जगह तो चल ही रहा है । जल्द ही उम्मीद करते हैं कि स्वीकृति हो जायेगी और काम प्रारंभ किया जायेगा ।

(ज्ञाप संख्या 418-वि० स०, पटना, दिनांक 3 अप्रील, 2013 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 418, दिनांक 03 अप्रील, 2013 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-II पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

## आश्वासन संख्या 487 / 13

## प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1037, (य-175), दिनांक 1 मार्च, 2013 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री कुमार शैलेन्द्र, स०वि०स० ।

**विषय**--भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड में विद्युत् उप-केन्द्र का निर्माण करने के संबंध में ।

## सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--पूरक डी०पी०आर० की स्वीकृति के उपरांत निर्माण संबंधी अग्रतर कार्रवाई की जायेगी ।

(ज्ञाप संख्या 487-वि० स०, पटना, दिनांक 3 अप्रील, 2013 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 487, दिनांक 03 अप्रील, 2013 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-III पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 695/13

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 2616 (य-286), दिनांक 15 मार्च, 2013 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**--औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड के शेष बचे गाँवों को विद्युतीकरण कार्य पूर्ण करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--वैसे विद्युत् से वंचित गाँव/टोलों के पूर्ण विद्युतीकरण हेतु औरंगाबाद जिले का पूरक डी०पी०आर० तैयार किया गया है । पूरक डी०पी०आर० की स्वीकृति हेतु आर०ई०सी०/केन्द्र सरकार से अनुरोध किया गया है । स्वीकृति उपरांत विद्युतीकरण संबंधी अग्रतर कार्रवाई की जायेगी । पूरक डी०पी०आर० के अंतर्गत प्रश्न वर्णित गाँव/टोलों का भी विद्युतीकरण किया जाना है ।

(ज्ञाप संख्या 695-वि० स०, पटना, दिनांक 25 अप्रील, 2013 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 695, दिनांक 25 अप्रील, 2013 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-IV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

## आश्वासन संख्या 701/13

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 2641 (य-267), दिनांक 15 मार्च, 2013 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री शैलेश कुमार, स०वि०स० ।

**विषय**--मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर प्रखंड के अग्रहण पंचायत के कुरवा व विन्द टोला में विद्युत् आपूर्ति करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--वैसे विद्युत् से वंचित गाँव/टोलों के पूर्ण विद्युतीकरण हेतु मुंगेर जिला का पूरक डी०पी०आर० तैयार कर स्वीकृति हेतु आर०ई०सी०/ केन्द्र सरकार से अनुरोध किया गया है । पूर्वी डी०पी०आर० की स्वीकृति उपरांत (जिसके तहत प्रश्न वर्णित गाँवों/टोलों को विद्युतीकरण किया जाना है ।) विद्युतीकरण संबंधी अग्रतर कार्रवाई की जायेगी ।

(ज्ञाप संख्या 701-वि० स०, पटना, दिनांक 25 अप्रील, 2013 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 701, दिनांक 25 अप्रील, 2013 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-V पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

## आश्वासन संख्या 1265 / 13

## प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 379 (य-41), दिनांक 2 अगस्त, 2013 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री प्रेम रंजन पटेल, स०वि०स० ।

**विषय**--लखीसराय जिलान्तर्गत चानन प्रखंड के सभी गाँवों में बिजली उपलब्ध कराने के संबंध में ।

## सरकारी आश्वासन

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव ( मंत्री )**--चानन प्रखंड के भंडार, गोपालपुर का विद्युतीकरण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के फेज-2 में किया जाना है । इसके लिये पूरक डी०पी०आर० की स्वीकृति हेतु ग्रामीण निगम के द्वारा ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार को भेज गया है, स्वीकृति प्राप्त होते ही अग्रतर कार्रवाई की जायेगी ।

लखीसराय जिले चानन प्रखंड के बचे हुये सभी गाँव टोलों का विद्युतीकरण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना फेज-2 में किया जाना है इसके लिये पूरक डी०पी०आर० तैयार कर स्वीकृति हेतु ग्रामीण विकास निगम के द्वारा ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा गया है । स्वीकृति प्राप्त होते ही निविदा की प्रक्रिया पूरी कर कार्य प्रारंभ कराने की योजना है ।

**श्री प्रेम रंजन पटेल**--अध्यक्ष महोदय, खंड (1) का माननीय मंत्री जी ने कहा कि आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । लखीसराय जिला के जो चानन प्रखंड के वह अतिपिछड़ा, महादलित और दलित बाहुल्य प्रखंड है और वहां राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युतीकरण का काम किया गया था । लेकिन इतना घटिया निर्माण का काम किया गया जिसके कारण पूरा उसका तार, पोल, ट्रांसफॉर्मर सब समाप्त हो गया । कोई गाँव में बिजली नहीं है तो मंत्री जी से हम जानना चाहते हैं कि जो समाप्त हो या जिसको विद्युतीकरण आप कराये थे उसको फिर से विद्युतीकरण पूरा विद्युतीकरण करायेंगे कि नहीं ? या जो एजेंसी आपका विद्युतीकरण का काम किया था जो घटिया निर्माण कराया विद्युतीकृत करने के बावजूद वहां बिजली नहीं मिल रही है वैसे निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई करेंगे और फिर से उन गांवों तक बिजली पहुँचाने का काम करेंगे और कबतक करेंगे ?

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव ( मंत्री )**--महोदय, घटिया निर्माण हुआ है यह प्रश्न में सन्निहित नहीं

था यह तो बचे हुये गाँव से संबंधित प्रश्न था । लेकिन माननीय सदस्य सूचना दिया है कि जो काम हुआ वह बहुत घटिया हुआ उसकी जांच हम करवा देंगे । लेकिन दूसरा जो इनका मूल प्रश्न है उसपर मैंने कहा कि एडिशनल डी०पी०आर० फेज-2 का तैयार करके भारत सरकार को समर्पित किया जा चुका है स्वीकृति मिलते ही उस काम को प्रारंभ किया जायेगा जितने गाँव बचे हुये हैं ।

(ज्ञाप संख्या 1265-वि० स०, पटना, दिनांक 23 अगस्त, 2013 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 1265, दिनांक 23 अगस्त, 2013 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-V1 पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

**आश्वासन संख्या 1408 / 13**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 468 (य-42), दिनांक 13 दिसम्बर, 2013 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्रीमती आशा देवी (186), स०वि०स० ।

**विषय**-पटना जिलान्तर्गत दानापुर-दीघा रोड एवं दानापुर-शिवाला रोड में तत्काल विद्युत् पोल सिफ्टिंग कराने के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

**प्रभारी मंत्री**--दानापुर दीघा रोड का कार्य जारी है एवं प्रगति पर है । इसे जनवरी, 2014 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

(ज्ञाप संख्या 1408-वि० स०, पटना, दिनांक 8 जनवरी, 2014 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 1408, दिनांक 08 जनवरी, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

**आश्वासन संख्या 313/2014**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 1117 (य-96), दिनांक 18 जुलाई, 2014 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री विजय कुमार सिन्हा, स०वि०स० ।

**विषय**--लखीसराय जिला के हसली प्रखंड के साढ़ माफ पंचायत के सेठना महादलित टोला, नया टोला में विद्युतीकरण करने के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

**प्रभारी मंत्री**--लखीसराय जिलान्तर्गत ग्राम-सेठना के नया टोला एवं अन्य ग्रामों/पंचायतों/ टोलों का विद्युतीकरण राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत 12वीं योजना में शामिल कर किया जाना है। जिसके लिये निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया चल रही है ।

(ज्ञाप संख्या 313-वि० स०, पटना, दिनांक 18 सितम्बर, 2014 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 313, दिनांक 18 सितम्बर, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

**आश्वासन संख्या 437/14**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 1441 (य-133), दिनांक 25 जुलाई, 2014 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री राजेश्वर राज, स०वि०स० ।

**विषय**--रोहतास जिलान्तर्गत नगर पंचायत में विद्युतापूर्ति हेतु लगाये गये एल०टी० एवं एस०टी० तार काफी पुराना एवं जर्जर तार को बदलने के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव (मंत्री)**--महोदय, निश्चित तौर पर जिन पदाधिकारियों ने रिपोर्ट ठीक नहीं भेजा है, जाँच करवाकर उनपर कार्रवाई की जायेगी । हाऊस के समय तो लगेगा । कार्रवाई भी की जायेगी और 14 अगस्त तक जो कार्य पूरा करने का लक्ष्य है, उसपर भी दवाब डाला जायेगा और निश्चित तौर पर सुनिश्चित किया जायेगा कि अगस्त माह के भीतर वह लग जाये ।

(ज्ञाप संख्या 437-वि० स०, पटना, दिनांक 9 अक्टूबर, 2014 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 437, दिनांक 09 अक्टूबर, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-IX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

## आश्वासन संख्या 463 / 14

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या-1474 (व-128), दिनांक 25 जुलाई, 2014 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री चितरंजन कुमार, स०वि०स० ।

**विषय**--अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखंड के केपाल पंचायत के कुबरी, बासाटाड़, सुखी विगहा, नागामठ, पंकामठ इत्यादि गांवों में विद्युतीकरण कराने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--अरवल जिले के सभी अविद्युतीकृत/आंशिक विद्युतीकरण गाँवों/पंचायतों/टोलों को पूर्ण विद्युतीकरण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की 12वीं योजना के तहत किया जाना है, जिसके लिये निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया की जा रही है । निविदा उपरांत प्रश्न वर्णित ग्रामों का विद्युतीकरण प्राथमिकता के आधार पर करा दिया जायेगा ।

(ज्ञाप संख्या 463-वि० स०, पटना, दिनांक 8 अक्टूबर, 2014 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 463, दिनांक 08 अक्टूबर, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-X पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 311/15

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1688 (य-110), दिनांक 17 अप्रील, 2015 को (सदन पटल से)।

**प्रश्नकर्ता**--श्री ललन राम, स०वि०स०।

**विषय**--औरंगाबाद जिला में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजनान्तर्गत देव प्रखंड के ग्राम बेढ़ना एवं अन्य गाँवों का विद्युतीकरण करने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--औरंगाबाद जिलान्तर्गत देव प्रखंड के ग्राम-बेढ़ना एवं अन्य गाँवों का विद्युतीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर दिसम्बर, 2015 तक पूर्ण कर दिये जाने का लक्ष्य है।

(ज्ञाप संख्या 311-वि० स०, पटना, दिनांक 11 जुलाई, 2015 ई०)।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 311, दिनांक 11 जुलाई, 2015 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था। ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया। जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 को हुई बैठक में समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया।

------------

## आश्वासन संख्या 319/15

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1711 (य-118), दिनांक 17 अप्रील, 2015 को (सदन पटल से)।

**प्रश्नकर्ता**--श्री प्रेम रंजन पटेल, स०वि०स०।

**विषय**--लखीसराय जिला के चानन प्रखंड के भंडार, गोपालगंज, बहारामपुर, जुआखोर सहित दर्जनों गांवों का विद्युतीकरण करने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--वर्तमान में सर्वे का कार्य प्रगति पर है। सर्वे उपरांत कार्य प्रारंभ कर उक्त वर्णित गांवों का विद्युतीकरण दिसम्बर, 2016 तक करने का लक्ष्य है।

(ज्ञाप संख्या 319-वि०.स०, पटना, दिनांक 11 जुलाई, 2015 ई०)।

----------

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 319, दिनांक 11 जुलाई, 2015 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था। ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा

कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 को हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

### आश्वासन संख्या 321/15

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1649 (य-141), दिनांक 17 अप्रील, 2015 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्रीमती नीता चौधरी, स०वि०स० ।

**विषय**--मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंडान्तर्गत संग्रामपुर पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--उक्त पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है एवं कार्य प्रगति पर है । इस वित्तीय वर्ष 2015-16 में पूरा करने का लक्ष्य है ।

(ज्ञाप संख्या 321-वि० स०, पटना, दिनांक 11 जुलाई, 2015 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 321, दिनांक 11 जुलाई, 2015 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 को हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

### आश्वासन संख्या 379/15

### प्रसंग एवं विषय

श्री संतोष कुमार निराला, स०वि०स० से प्राप्त गैर-सरकारी सूचना पर दिनांक 22 अप्रील, 2015 को सरकारी वक्तव्य में निहित आश्वासन ।

**विषय**--बक्सर जिलान्तर्गत राजपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बनकर तैयार पावर सब-स्टेशन को इटाढ़ी पावर ग्रीड से जोड़ने हेतु तार-पोल उपलब्ध कराने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव ( मंत्री )**--महोदय, बक्सर जिलान्तर्गत राजपुर प्रखंड के मुख्यालय स्थित पावर सब-स्टेशन निर्मित पावर सब-स्टेशन का कार्य पावर ग्रीड द्वारा किया गया था । वर्तमान में इस ग्रीड को कोचस ग्रीड से जोड़ने का कार्य बी०आर०जी०एफ०-1 योजना मे० बजाज इले०प्रा०लि० द्वारा किया जा रहा है जिस से 75 रेल पोल खड़ा किया गया है । यह कार्य प्रगति पर है । जल्दी इसको पूरा किया जायेगा ।

(ज्ञाप संख्या 379-वि० स०, पटना, दिनांक 27 जुलाई, 2015 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 379, दिनांक 27 जुलाई, 2015 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

### आश्वासन संख्या 380 / 15

### प्रसंग एवं विषय

श्री सत्यदेव सिंह, स०वि०स० से प्राप्त गैर सरकारी सूचना पर दिनांक 22 अप्रील, 2015 को सरकारी वक्तव्य में निहित आश्वासन ।

**विषय**--अरवल जिलान्तर्गत कुर्था विधान सभा क्षेत्र के विद्युतीकरण कार्य की समीक्षा कराकर अविद्युतीकृत गांव का शीघ्र विद्युतीकरण करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव ( मंत्री )**--महोदय, 12वीं पंचवर्षीय योजना में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य किया जायेगा । संवेदक का चयन मे० चलालवारा इंफ्राटेक लि० हैदराबाद को कार्य आवंटित कर दिया गया है । एजेंसी ने सर्वे का काम प्रारंभ कर दिया है, नवम्बर, 2016 तक कार्य पूर्ण करने का है कि हर घर को बिजली देना है ।

(ज्ञाप संख्या 380-वि० स०, पटना, दिनांक 22 जुलाई, 2015 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 380, दिनांक 22 जुलाई, 2015 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

### आश्वासन संख्या 351/16

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1082 (य-130), दिनांक 11 मार्च, 2016 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री आनन्द शंकर सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**--औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद प्रखंड एवं देव प्रखंडों में कराये गये विद्युतीकरण की जांच कर विद्युतीकरण का कार्य पूरा कराने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (पूर्ववर्ती राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना) के अंतर्गत Quality Control Mechanism के आलोक में त्रिस्तरीय गुणवत्ता जांच का प्रावधान है । इसके अतिरिक्त ग्राम विद्युत अभियंता, स्पेशल टास्क फोर्स एवं स्थानीय अभियंता के द्वारा नियमित गुणवत्ता की जांच की जाती है, साथ ही दोषपूर्ण संरचना का दोष निवारण ससमय किया जाता है । दोष निवारण के उपरान्त ही किये गये कार्यों का अधिग्रहण किया जाता है । वर्तमान में पूरे जिले में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर है । अगस्त 2016 तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है ।

(ज्ञाप संख्या 1074-1077-वि० स०, पटना, दिनांक 12 सितम्बर, 2016 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1074-1077, दिनांक 12 सितम्बर, 2016 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

### आश्वासन संख्या 356/16

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1101 (य-124), दिनांक 11 मार्च, 2016 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री सुदामा प्रसाद, स०वि०स० ।

**विषय**--भोजपुर जिला के तरारी विधान सभा क्षेत्र के जगदीशवानापुर, खोसबर गाँवों में विद्युतीकरण करने के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

**प्रभारी मंत्री**--भोजपुर जिला के ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (पूर्ववर्ती राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना-11वीं योजना द्वितीय चरण) के तहत मेसर्स बजाज इलेक्ट्रिकल्स लि० के द्वारा किया जा रहा है । वर्तमान में जिले के अविद्युतीकृत राजस्व गांवों को विद्युतीकृत किया जा चुका है । साथ ही आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों/टोलों का विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर है । तरारी विधान सभा क्षेत्र के जगजीनवानुर, खोराबर गांवों का विद्युतीकरण उक्त योजना के अंतर्गत जून 2016 तक पूरा करने का लक्ष्य है ।

(ज्ञाप संख्या 1094-1097 वि० स०, पटना, दिनांक 12 सितम्बर, 2016 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 1094-1097, दिनांक 12 दिसम्बर, 2016 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

**आश्वासन संख्या 570/16**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 1792 (य-147), दिनांक 18 मार्च, 2016 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री वशिष्ठ सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**--रोहतास जिलान्तर्गत कोचस प्रखंड के कुछिला गाँव के पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

**प्रभारी मंत्री**--रोहतास जिलान्तर्गत कुछिला गांव में पावर सब-स्टेशन का शेष निर्माण कार्य दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत स्वीकृत है । उक्त योजनान्तर्गत कार्य आवंटन के दो वर्षों के अंदर पावर सब-स्टेशन का निर्माण पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है ।

(ज्ञाप संख्या 1950-1953 वि० स०, पटना, दिनांक 5 दिसम्बर, 2016 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 1950-1953, दिनांक 05 दिसम्बर, 2016 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के

द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

**आश्वासन संख्या 571 / 16**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 1793 (य-126), दिनांक 18 मार्च, 2016 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री राजेश कुमार, स०वि०स० ।

**विषय**--औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा विधान सभा के प्रखंड नवीनगर अंतर्गत पंचायत रामनगर के ग्राम-शिव बिगहा, लखनवा पोखड़ा पर डुमराही तथा महुआरी गाँवों में विद्युतीकरण के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

**प्रभारी मंत्री**--राजस्व ग्राम रामनगर एवं महुआरी का आंशिक विद्युतीकरण का कार्य राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की 10वीं योजना के अंतर्गत किया गया था । वर्तमान में जिले के विद्युतीकरण का कार्य दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (पूर्ववर्ती राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना) की 12वीं योजनान्तर्गत मेसर्स ई०एम०सी०लि० के द्वारा किया जा रहा है । प्रश्न वर्णित गाँवों में पोल की आपूर्ति कर दी गयी है । विद्युतीकरण का कार्य अगस्त, 2016 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

(ज्ञाप संख्या 1954-1957-वि० स०, पटना, दिनांक 5 दिसम्बर, 2016 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 1954-1957, दिनांक 05 दिसम्बर, 2016 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

**आश्वासन संख्या 583 / 16**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 1852 (य-138), दिनांक 18 मार्च, 2016 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री राजेश कुमार, स०वि०स० ।

**विषय**--औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड देव के बरान्डा, रामपुर, बनुआ बेरहना एवं दुलारे पंचायतों में अधूरे विद्युतीकरण कार्य को पूरा करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--औरंगाबाद जिले के ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (पूर्ववर्ती राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना) 12वीं योजना के अन्तर्गत किया जा रहा है । जिसमें प्रश्न वर्णित गांवों/टोले शामिल है । प्रश्न वर्णित गांवों/टोलों का विद्युतीकरण अगस्त, 2016 तक करने का लक्ष्य है ।

(ज्ञाप संख्या 2002-2005-वि० स०, पटना, दिनांक 5 दिसम्बर, 2016 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 2002-2005, दिनांक 05 दिसम्बर, 2016 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 2797, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की हुई बैठक में समीक्षा की गई । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 28 सितम्बर, 2022 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

------------

### आश्वासन संख्या 915/16

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 2648 (य-178), दिनांक 1 अप्रील, 2016 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री (डॉ०) रविन्द्र यादव, स०वि०स० ।

**विषय**--जमुई जिला के गिद्धौर प्रखंडान्तर्गत राज कोल्हुआ पंचायत के विभिन्न गांवों का विद्युतीकरण के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

